STANDARD OPERATING PROCEDURE (SOP)

Admission Process for Nepali Learners to the Programmes Offered by Uttarakhand Open University (UOU)

In accordance with the guidelines issued by the University Grants Commission–Distance Education Bureau (UGC-DEB), eligible Nepali nationals may seek admission to the duly recognized Open and Distance Learning (ODL) programmes offered by Uttarakhand Open University (UOU). The admission process shall be governed by the following provisions:

1. Submission of Offline Application Form

The applicant shall obtain and duly fill the prescribed offline admission application form of Uttarakhand Open University and submit the completed application along with all requisite documents.

2. Payment of Admission Fee

The prescribed admission fee shall be deposited through either of the following modes:

- Bank of Baroda (BOB) Challan; or
- UPI transfer to the official bank account of Uttarakhand Open University.

The original proof of payment shall be enclosed with the application form.

3. Submission of Required Documents

The applicant shall submit self-attested copies of all documents required for determining eligibility for admission to the selected programme. These shall include:

- Educational qualification certificates and mark sheets.
- Nepal Citizenship Certificate along with a self-attested photocopy mentioning the Citizenship Number.
- Valid proof of date of birth.
- Any other document prescribed by the University.

4. Physical Verification at Learner Support Centre (LSC)

The applicant shall personally visit a Learner Support Centre (LSC) located within the territorial jurisdiction of Uttarakhand Open University, as notified on the University's website, for submission and verification of documents.

The applicant shall comply with all the rules, regulations, instructions, and procedures prescribed by the University from time to time.

5. Indian Mobile Number

The applicant shall provide a valid Indian mobile number. The Indian mobile number shall be mandatory for communication with the University and for creation of the Academic Bank of Credits (ABC-ID) and Distance Education Bureau Identification (DEB-ID), wherever applicable.

6. Email Address

प्रवेश प्रभारी
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
हल्द्वानी

The applicant shall provide a valid personal email address for all official communications.

7. Permanent Address in Nepal

The applicant shall furnish the complete permanent residential address in Nepal along with a valid address proof.

8. Communication Address in India

The applicant shall provide a valid communication address in India along with:

- Documentary proof of the communication address.
- A self-attested copy of the Aadhaar Card of the actual owner of the address.
- A signed consent letter from the actual owner permitting the applicant to use the address for communication purposes.

9. Confirmation of Admission

After verification of documents and submission of the applicant's records to UGC-DEB, the University shall intimate the applicant regarding the status of admission through the registered mobile number and email address.

10. Provisional Admission

Admission granted to a Nepali learner shall remain purely provisional until confirmation is received from UGC-DEB. The University reserves the right to cancel the provisional admission if confirmation is not received or if any discrepancy is found in the documents or information furnished by the applicant.

General Instructions

1. The applicant shall ensure that all information furnished is true and correct. Submission of false information or forged documents shall lead to cancellation of admission and may invite legal action.
2. The University may seek additional documents or clarifications before forwarding the applicant's records to UGC-DEB.
3. Applicants shall regularly visit the University's website for updates and further instructions.
4. The decision of Uttarakhand Open University and UGC-DEB regarding admission shall be final and binding.

उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय हल्द्वानी

मानक संचालन प्रक्रिया (SOP)

उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय द्वारा संचालित कार्यक्रमों में नेपाली शिक्षार्थियों के प्रवेश की प्रक्रिया

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग–दूरस्थ शिक्षा ब्यूरो (UGC-DEB) द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार पात्र नेपाली नागरिक उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय द्वारा संचालित मान्यता प्राप्त मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा (ODL) कार्यक्रमों में प्रवेश प्राप्त कर सकते हैं। प्रवेश प्रक्रिया निम्नानुसार होगी:

1. ऑफलाइन आवेदन-पत्र भरना

आवेदक विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित ऑफलाइन प्रवेश आवेदन-पत्र प्राप्त कर उसे पूर्ण रूप से भरकर आवश्यक दस्तावेजों सहित जमा करेगा।

2. प्रवेश शुल्क जमा करना

निर्धारित प्रवेश शुल्क निम्न माध्यमों में से किसी एक के द्वारा जमा किया जाएगा:

- बैंक ऑफ बड़ौदा (BOB) चालान के माध्यम से; अथवा
- विश्वविद्यालय के अधिकृत बैंक खाते में UPI के माध्यम से।

शुल्क जमा करने का मूल प्रमाण आवेदन-पत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।

3. आवश्यक दस्तावेजों का प्रस्तुतिकरण

आवेदक संबंधित कार्यक्रम में प्रवेश हेतु आवश्यक सभी स्वप्रमाणित दस्तावेज प्रस्तुत करेगा। इनमें मुख्य रूप से निम्नलिखित सम्मिलित होंगे:

- शैक्षिक योग्यता प्रमाण-पत्र एवं अंकतालिकाएँ।
- नेपाली नागरिकता प्रमाण-पत्र तथा नागरिकता संख्या सहित उसकी स्वप्रमाणित प्रति।
- जन्मतिथि का वैध प्रमाण।
- विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित अन्य आवश्यक दस्तावेज।

4. शिक्षार्थी सहायता केन्द्र (LSC) पर व्यक्तिगत सत्यापन

आवेदक को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अधिसूचित उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय के क्षेत्राधिकार में स्थित किसी शिक्षार्थी सहायता केन्द्र (LSC) पर व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपने दस्तावेजों का सत्यापन कराना होगा।

आवेदक विश्वविद्यालय द्वारा समय-समय पर निर्धारित सभी नियमों, विनियमों, प्रक्रियाओं एवं निर्देशों का पालन करेगा।

5. भारतीय मोबाइल नम्बर

आवेदक के पास एक वैध भारतीय मोबाइल नम्बर होना अनिवार्य होगा। यह मोबाइल नम्बर विश्वविद्यालय से सम्पर्क तथा आवश्यकतानुसार **Academic Bank of Credits (ABC-ID)** एवं **Distance Education Bureau Identification (DEB-ID)** के निर्माण हेतु आवश्यक होगा।

उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
हल्द्वानी

6. ई-मेल आईडी

आवेदक को अपना वैध व्यक्तिगत ई-मेल आईडी उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा, जिसका उपयोग विश्वविद्यालय द्वारा सभी आधिकारिक पत्राचार हेतु किया जाएगा।

7. नेपाल का स्थायी पता

आवेदक को नेपाल का पूर्ण स्थायी पता तथा उसका वैध पता प्रमाण प्रस्तुत करना होगा।

8. भारत में पत्राचार का पता

आवेदक को भारत में एक वैध पत्रांचार का पता उपलब्ध कराना होगा तथा निम्नलिखित दस्तावेज संलग्न करने होंगे:

- पत्राचार पते का वैध प्रमाण।
- उस पते के वास्तविक स्वामी के आधार कार्ड की स्वप्रमाणित प्रति।
- वास्तविक स्वामी द्वारा हस्ताक्षरित सहमति-पत्र, जिसमें उक्त पते को विश्वविद्यालयीय पत्राचार हेतु उपयोग करने की अनुमति प्रदान की गई हो।

9. प्रवेश की पुष्टि

दस्तावेजों के सत्यापन एवं अभिलेख UGC-DEB को प्रेषित किए जाने के उपरांत विश्वविद्यालय पंजीकृत मोबाइल नम्बर एवं ई-मेल के माध्यम से प्रवेश की स्थिति की सूचना प्रदान करेगा।

10. अस्थायी प्रवेश

नेपाली शिक्षार्थी का प्रवेश UGC-DEB से पुष्टि प्राप्त होने तक पूर्णतः अस्थायी (Provisional) रहेगा। यदि UGC-DEB से पुष्टि प्राप्त नहीं होती है अथवा प्रस्तुत दस्तावेजों अथवा जानकारी में कोई त्रुटि या विसंगति पाई जाती है, तो विश्वविद्यालय प्रवेश निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

सामान्य निर्देश

1. आवेदक यह सुनिश्चित करेगा कि उसके द्वारा प्रस्तुत सभी जानकारी सत्य एवं सही हो। गलत जानकारी अथवा जाली दस्तावेज प्रस्तुत किए जाने पर प्रवेश निरस्त किया जा सकता है तथा विधिक कार्रवाई की जा सकती है।
2. UGC-DEB को अभिलेख प्रेषित करने से पूर्व विश्वविद्यालय आवश्यकता पड़ने पर अतिरिक्त दस्तावेज अथवा स्पष्टीकरण मांग सकता है।
3. आवेदक विश्वविद्यालय की वेबसाइट का नियमित रूप से अवलोकन करते रहें।
4. प्रवेश से संबंधित मामलों में उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय एवं UGC-DEB का निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा।

प्रवेश प्रभारी
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
हल्द्वानी